भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 145**
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 03 फरवरी, 2025
14 माघ, 1946 (शक)

**कीझाडी उत्खनन रिपोर्ट का प्रकाशन**

**145. श्रीमती कनिमोझी करूणानिधि:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कीझाडी चरण-एक और चरण-दो उत्खनन रिपोर्ट का प्रकाशन कब तक किया जाएगा;

(ख) वर्ष 2014 और 2016 के बीच किए गए उत्खनन की रिपोर्ट का प्रकाशन करने में हुए विलंब के क्या कारण हैं; और

(ग) केंद्र सरकार द्वारा पिछले दस वर्षों के दौरान देशभर में किए गए पुरातात्विक उत्खनन का ब्यौरा क्या है और उक्त उत्खनन की रिपोर्ट किस तारीख को प्रकाशित की गई है?

**उत्तर**
**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख) :उत्खननों से विभिन्न सामाग्रियों और कालों के अनेक प्रकार के अवशेषों का पता चलता है जिसके लिए अलग-अलग प्रयोगशालाओं में विस्तृत वैज्ञानिक अध्ययन और विश्लेषण की आवश्यकता होती है और इसमें प्रायः समय लगता है। कीझाड़ी में वर्ष 2014 और 2016 के बीच किए गए उत्खननों पर रिपोर्ट वर्ष 2023 में प्रस्तुत की गई थी। रिपोर्ट के प्रकाशन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अलावा विशेषज्ञों द्वारा ब्यापक परीक्षण सहित उचित प्रक्रिया का पालन किया जाता है।

(ग): पिछले दस वर्षों के दौरान पूरे देश में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए गए पुरातत्वीय उत्खननों का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के फील्ड कार्यालयों द्वारा 82 स्थलों में उत्खनन किए गए थे। इनमें से कुछ उत्खनन बड़े पैमाने पर और कई वर्षों तक किए गए। सत्र का कार्य के पूरे होने पर आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। सलुवनकुप्पम सुआबारोई, ब्रजोहोम, पैठान, कालीबंगन,ललितगिरी, धालेवान, एडम और हुलास जहां उत्खनित सामग्रियों का विस्तृत अध्ययन और वैज्ञानिक विश्लेषण पूरे हो गए थे, के उत्खननों की अंतिम रिपोर्ट पिछले दस वर्षों के दौरान प्रकाशित की गई है।

**अनुबंध**

दिनांक 03.02.2025 को उतरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 145 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

वर्ष 2015-16 से वर्ष 2024-25 तक एएसआई द्वारा किए गए उत्खनन का राज्य - वार विवरण:

| क्रम सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | वर्ष | स्थल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 2018-19 और 2019-20 | गोहीपोरूरम, श्री पोट्टी श्रीरामुलु नेल्लोर |
| 2. | असम | 2022-23 | गौरक्षण टीला, गौरीसागर , सिबसागर |
| 3. | बिहार | 2016-17 | रुक्मिणी स्थान , नालंदा |
| | | 2016-17 | पपुर , सिवान |
| | | 2016-17 से 2018-19 | उरेन, लखीसराय |
| | | 2018-19 | केसरिया , पूर्वी चंपारण |
| | | 2021-22 | कुरीसराय , गया |
| | | 2023-24 | बौद्ध स्तूप , केसरिया , पूर्वी चंपारण |
| | | 2023-24 | जंगली स्थान का टीला ,भागलपुर |
| | | 2023-24 | अजातशत्रु का किला / मैदान नया राजगृह |
| 4. | दिल्ली | 2017-18, 2019-20 और 2022-23 | पुराना किला , दिल्ली |
| 5. | गोवा | 2022-23 और 2023-24 | सेंट ऑगस्टीन टॉवर, पुराना गोवा |
| 6. | गुजरात | 2015-16 से 2021-22 | वडनगर , मेहसाणा |
| | | 2018-19 | तरंगा, मेहसाणा |
| | | 2018-19 | गुंजा , मेहसाणा |
| | | 2021-22 से 2022-23 | विहार , गांधीनगर |
| | | 2023-24 | सरवाल , पाटन |
| 7. | हरियाणा | 2018-19 और 2020-21 से 2024-25 | राखीगढ़ी |
| | | 2018-19 से 2020-21 | थेड माउंड, सिरसा |
| | | 2022-23 तथा 2023-24 | कसेरुआ खेड़ा , पलवल |
| | | 2023-24 तथा 2024-25 | कुषाण स्तूप जिले जरासंध का किला , के नाम से जाना जाता है। |
| 8. | जम्मू और कश्मीर | 2020-21 | टिब्बा तालियाना , जिंदर मेहलु गांव |
| | | 2024-25 | कार्ति-वद्रे |
| 9. | झारखंड | 2019-20 से 2021-22 | सीतागढ़ , हजारीबाग |
| | | 2022-23 | ओबरा , चतरा |
| | | 2023-24 | नवरतनगढ़ , गुमला में महल और मंदिर परिसर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10. | कर्नाटक | 2024-25 | ब्रह्मगिरी , चित्रदुर्ग |
| | | 2020-21 | हलेबिदु , हासन |
| | | 2021-22, 2022-23 और 2024-25 | पान सुपारी बाजार , कमलापुरा |
| 11। | केरल | 2023-24 | पट्टनम , एर्नाकुलम |
| | | 2016-17 | तिरुवंचिकुलम , त्रिशूर |
| 12. | लद्दाख | 2015-16 | चोस्कोर , गैंगल्स |
| | | 2015-16 | सासेर, नुब्रा, काराकोरम लेह का भारतीय भाग |
| 13 . | मध्य प्रदेश | 2019-20 और 2020-21 | एरण , सागर |
| | | 2020-21 और 2021-22 | तेवर , जबलपुर |
| | | 2022-23 | बटेश्वर , मुरैना का मंदिर समूह |
| | | 2022-23 | मान सिंह पैलेस, ग्वालियर किला, ग्वालियर |
| | | 2023-24 | भीमबेटका , रायसेन |
| | | 2023-24 | नचना कुथारा , पन्ना |
| 14. | महाराष्ट्र | 2017-18 | रायगढ़ किला, रायगढ़ |
| | | 2017-18 | रीठी-राजना , नागपुर |
| | | 2017-18 और 2018-19 | फुबगांव , अमरावती |
| | | 2019-20 और 2020-21 | महुरझरी , नागपुर |
| | | 2021-22 से 2023-24 | बीबी -का- मकबरा , औरंगाबाद |
| | | 2023-24 | कोहला , नागपुर |
| 15. | मिजोरम | 2017-18 और 2018-19 | वंगछिया |
| 16. | ओडिशा | 2015-16 | सुआबारी , पुरी |
| | | 2017-18 | झारिअम्बा , अंगुल |
| | | 2017-18 | भारती हुडा, कटक |
| | | 2018-19 | असुरगढ़ , कालाहांडी |
| | | 2019-20 और 2020-21 | लगुंडी हिल्स, जाजपुर |
| | | 2021-22 | सारी देउल , भुवनेश्वर |
| | | 2021-22 से 2023-24 | नरा हुड्डा, खुर्दा |
| | | 2022-23 | परभदी ( सुखुआपाड़ा ), कटक |
| | | 2023-24 | बाराबती किला, कटक |
| | | 2024-25 | रत्नागिरि |
| 17. | राजस्थान | 2015-16 और 2016-17 | बिंजौर |
| | | 2019-20 और 2020-21 | कालीबंगा , हनुमानगढ़ |
| | | 2022-23 | ओजियाणा , भीलवाड़ा |
| | | 2022-23 | बेवां , नीम का थाना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 2023-24 | बहज , डीग |
| 18 | तमिलनाडु | 2015-16 और 2016-17 | कीलाडी , शिवगंगा |
| | | 2017-18 | कोडुमनाल , इरोड |
| | | 2021-22 और 2022-23 | आदिचनल्लूर और इसके समीप के स्थल समूह , तुतुकुडी |
| | | 2022-23 और 2023-24 | वडकुपट्टू , कांचीपुरम |
| | | 2024-25 | चेंगलपट्टू |
| | | 2024-25 | कोडुम्बलुर |
| 19. | तेलंगाना | 2018-19 | जनमपेट , बदरारी कोठागुडम |
| 20. | उत्तर प्रदेश | 2015-16 | रामताल , मथुरा |
| | | 2016-17 | हरिनगर , बिजनौर |
| | | 2016-17 | सकतपुर , सहारनपुर |
| | | 2017-18 | शकरा टीला , मेरठ |
| | | 2017-18 | बरनावा |
| | | 2017-18 और 2018-19 | सिनौली |
| | | 2018-19 | एरिक |
| | | 2021-22 | ( उल्टाखेड़ा ) हस्तिनापुर |
| | | 2021-22 | बरनौली की ढाई , मथुरा |
| | | 2024-25 | कछवा , हमीरपुर |
| | | 2024-25 | तिलवाड़ा साकिन |
| 21. | पश्चिम बंगाल | 2022-23 | दमदम टीला , उत्तर 24 परगना |
| | | 2022-23 | भरतपुर , पूर्व बर्धमान |
| | | 2024-25 | भदिस्वर , बीरभूम |

*****